# अब तो बुला लीजिये सरकार सांवरे भजन लिरिक्स

अब तो बुला लीजिये,
सरकार सांवरे,
शायद फिर इस जनम में,
मुलाकात हो ना हो,
अब तो बुला लीजियें।bd।

तर्ज – लग जा गले।

---

हारे के तुम हो सांवरे,
दरिया सा दिल तेरा,
नैया फसी मजधार में,
पतवार तू मेरा,
फिर ये प्रेम आप से,
इतना हो ना हो,
शायद फिर इस जनम में,
मुलाकात हो ना हो,
अब तो बुला लीजियें।bd।

---

जिनसे था रिश्ता करीब का,
वो दूर हो गए,
तुम से था रिश्ता दूर का,
तुम पास हो गए,
हारा था हर एक मोड़ पर,
विश्वास हो ना हो
शायद फिर इस जनम में,
मुलाकात हो ना हो,
अब तो बुला लीजियें।bd।

---

चरणों से दूर सांवरे,
मुझे अब ना कीजिए,
चरणों में अर्जी मेरी ये,
स्वीकार कीजिए,
'चहल' की हर एक सांस पर,
अब नाम तेरा हो,
शायद फिर इस जनम में,
मुलाकात हो ना हो,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

अब तो बुला लीजिये,
सरकार सांवरे,
शायद फिर इस जनम में,
मुलाकात हो ना हो,
अब तो बुला लीजियें।bd।

**Singer – Jaswinder Singh**
**Lyrics – Buta Chahal**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com